नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने नानाजी का स्मरण किया

जबलपुर। आज दिनांक 14 अक्टूबर 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने एक समारोह में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में उनकी तस्वीर पर पुष्पार्पण कर स्मरण किया।

इस अवसर पर माननीय कुलपति ने प्रांगण में उपस्थित अधिष्ठाता, संचालक गण एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे लिये यह गौरव की बात है इस विश्वविद्यालय का नामकरण नानाजी देशमुख जैसे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं देश के सर्वोच्च अलंकरण भारत रत्न से सम्मानित के नाम पर हुआ है। डॉ. अनिल कुमार गौर ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुये कहा कि नानाजी के आदर्शो को आत्मसात करते हुये उनके ग्रामोदय के स्वप्नों को साकार कर ही सच्ची श्रृध्दांजली अर्पण करना है। उन्होंने चित्रकूट के 500 गाँवों को आत्म निर्भर बनाया है। हमें नानाजी देशमुख के लिये गये संकल्प को पूर्ण करना है। नानाजी देशमुख के अनुसार हमें एक इकाई के अनुसार कार्य करना है।

इस अवसर पर डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ. जे.के. भारद्वाज, डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. जी. दास, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. सुनील भिण्डवाले, (फिनीक्स पोल्ट्री), डॉ. विश्वजीत राय, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. हरि, आर एवं श्री विनोद शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल कुमार गौर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)